मेरी माँ दरवाजा ख़ोल

मेरी माँ दरवाजा ख़ोल, तेरे माँ लाडले आऐ हैं ॥
माँ तेरे, खज़ाने से* ॥
कुछ मांगने आऐ हैं,,,
मेरी माँ दरवाजा ख़ोल, तेरे माँ लाडले आऐ हैं ॥

कहदो माँ भैरों बाबा से, हमको वो ना रोके ॥
*सिंह वाहिनी शेर से कहदो, भक्तों को ना टोके ॥
नौकर बन माँ, तेरा आंगना* ॥
बुहारने आऐ हैं,,,
मेरी माँ दरवाजा ख़ोल,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,F

आज ना जाएंगे मईया, हम तेरे दर से ख़ाली ॥
*तूँ मईया तो हम भी तेरे, लाल हैं शेरोंवाली ॥
तेरे लाल माँ, तेरी ममता* ॥
पाने आऐ हैं,,,
मेरी माँ दरवाजा ख़ोल,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,F

तेरे होते हुए ओ मईया, और किधर क्यों जाऐं ॥
*माँ के सिवा ना बेटों पे, कोई ममता बरसाए ॥
आज सवाली, दर्शन तेरे* ॥
पाने आऐ हैं,,,
मेरी माँ दरवाजा ख़ोल,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,F

द्वार दया का ख़ोलो अब तो, हे अम्बे महाँरानी ॥
*आंचल की छाया दे कर, कल्याण करो कल्याणी ॥
हम आरती, माँ तेरी* ॥
उतारने आऐ हैं,,,
मेरी माँ दरवाजा ख़ोल,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,F

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26481/title/meri-maa-darwaza-khol

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |